**भारत सरकार**

**केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग**

**विभागीय परीक्षा**

**कार्यपालक अभियंता और उपनिदेशक (उद्यान) के लिए**

**लेखा-II ( पुस्तकों सहित)**

**फरवरी 2021**

**समयः 3 घंटे** **पूर्णांकः 100**

अनुमत पुस्तकें: सीपीडब्ल्यूए कोड, एफ आर, एस आर और फार्मों की पुस्तकें।

दिये जाने वाले फार्म: 1. कैश बुक (सीपीडब्ल्यूए फार्म I) 2. बिल फार्म (सीपीडब्ल्यूए 26 एवं 26 ए)

3. ठेकेदार लेजर (सीपीडब्ल्यूए -43)

(हल किए गए उदाहरणों की सहायक पुस्तकों की अनुमति नहीं हैं )

**सभी प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के आगे उनके अंक दिए गए हैं।**

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित लेनदेन, कार्यपालक अभियंता, बिल्डिंग मंडल के कैश बुक में जून माह 2020 के लिए प्रविष्टि करें और शेष कैश का विश्लेषण करते हुए कैश बुक को बन्द करें। **30 अकं**

| 1.06 | अथ शेष (ओपनिंग बैलेन्स) | रूपये |
|---|---|---|
| | (i) कैश और सिक्के | 5000 |
| | (ii) सर्विस स्टैम्प (पोस्टेज) | 400 |
| | (iii) रेवेन्यू स्टैम्प | 30 |
| | (iv) मेसर्स जुबेर एंड कम्पनी के नामे चेक , दिनांक 29/5/2020 | 7500 |
| | (v) कार्यपालक अभियंता 'बी' मंडल से प्राप्त चेक, दिनांकित 27/5/2020 | 6750 |
| | (vi) काल रसीद का जमा | 6500 |
| | (vii) फिक्स्ड डिपाजिट रशीद (6 महीने पश्चात देय) | 4000 |
| | (viii) सेल्फ चेक | 1500 |
| 2-06 | (i) 15 रू. का सेल्फ चेक भुना लिया गया | |
| | (ii) कार्यपालक अभियंता 'बी' मंडल से प्राप्त चेक वापस भेज दिया गया | |
| | (iii) कैशियर को वाहन भत्ता दिया गया | 150 |
| | (iv) रेवेन्यू स्टैम्प कैश में बदला | 30 |

| | | |
|---|---|---|
| 5-06 | बाउन्डरी वाल के निर्माण के लिए मेसर्स सुधीर एंड संस को भुगतान किया गया<br>(i) किए गए कार्य का मूल्य<br>(ii) प्रतिभूति जमा @ 10%<br>(iii) अनुबंधित सामग्री वसूल की गई<br>(iv) सकल मूल्य के 2% की दर से आयकर<br>(v) कांक्रीट मिक्सर का किराया 20,000 रू. है जिसमें से 8,000 रू. पहले से ही ठेकेदार के एकाउन्ट से डेबिट कर लिया गया है।<br>(vi) रोकी गई राशि | <br><br>1,00,000<br><br>500<br><br>500 |
| 6-06 | (i) मेसर्स सुरेश चन्द से विविध कार्य अग्रिम में बकाया 8500 रू. का चेक प्राप्त हुआ<br>(ii) उपरोक्त चेक बैंक को भेज दिया गया | |
| 12-06 | सहायक अभियंता 'बी' को 800 रू. का स्थायी इम्प्रेस्ट जारी किया गया | |
| 13-06 | मेसर्स 'जेड' के नामे जारी चेक दिनांकित 18-2- क्षतिग्रस्त हालत में वापस प्राप्त हुआ है। 3,50,000 रू का नया चेक जारी किया गया। | |
| 14-06 | बैंक ने सूचित किया कि 6-06- को जमा किया गया चेक अस्विकार कर दिया गया है। | |
| 25-06 | सहायक अभियंता 'बी' ने स्थायी इम्प्रेस्ट का लेखा निम्नप्रकार प्रस्तुत किया है :<br>(i) कृषि भवन के वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य हेतु विविध भुगतान किया गया।<br>(ii) शास्त्री भवन के वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण पर प्रभार्य, कार्य प्रभारित स्टाफ को वाहन भत्ता का भुगतान किया गया।<br>(iii) इम्प्रेस्ट को चेक से रिकूप किया गया और उसे बढाकर 1000 रू. कर दिया गया। | 400<br>100 |
| 28-06 | (i)मेसर्स सुरेश चन्द को टायलेट के रिनोवेशन के कार्य का प्रतिभूति जमा वापस किया गया। कुल प्रतिभूति जमा राशि 10,000 रू. थी जिसमें से 2,000 रू. ठेकेदार का कृषि भवन के वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण का बकाया था।<br>(ii) स्टाफ और अधिकारियों की माह अप्रैल के वेतन के लिए निम्नप्रकार आहरित चेक<br>(क) बिल की सकल राशि<br>(ख) मकान किराया की वसूली<br>(ग) सी जी एच एस वसूली<br>(घ) आयकर | 1,25000<br>5000<br>5000<br>200 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ङ) सी जी ई जी आई एस<br>(च) मोटर कार अग्रिम<br>(छ) कम हुई राशि, जो अप्रदत्त वेतन के रूप में आहरित की गई, चेस्ट में रखी है | 400<br>1,000<br>500 |
| 30-06 | बकाया जमा, बैंक के काल रिसिप्ट में वापस की गयी | |

**प्रश्न 2.** निर्माण मंडल-1, के. लो. नि. वि., दिल्ली के अधीन "दिल्ली में 'X' भवन का निर्माण" कार्य का दूसरा चल लेखा बिल, निम्नलिखित डाटा से तैयार करें। **20 अंक**

प्रतिभूति अग्रिम फार्म सीपीडब्ल्यूए 26-ए का लेखा भी भरें।

| कार्य का मद | अद्यतन निष्पादित मात्रा | पहले आर. ए. के अनुसार निष्पादित बिल | ईकाई | दर |
|---|---|---|---|---|
| i. मिट्टी कार्य | 7,000 | 2,000 | घन मी. | 7 |
| ii. ईंट कार्य | 700 | 300 | घन मी. | 320 |
| iii. आर.सी. सी. | 400 | - | घन मी. | 950 |
| iv. स्टील कार्य | 35,000 | 16,000 | किलोग्राम | 7 |

(i) इस बिल में लकडी के कार्य के लिए 20,000 रू. का अग्रिम भुगतान किया गया।

(ii) आर सी सी कार्य के लिए पहले चल लेखा बिल में किए गए परन्तु मापे नहीं गए कार्य के लिए 1,00,000 रू. का अग्रिम भुगतान किया गया था।

(iii) पहले आर ए बिल में 1,50,000 ईंटों के लिए प्रतिभूति अग्रिम दिया गया था। निर्धारित दर 500 रू. प्रति 1000 ईंट है और ईंटों की खपत 500 ईंट प्रति घन मीटर मानी गई है। निर्धारित दर का 75% प्रतिभूति अग्रिम के लिए अनुमत्य दर है।

(iv) प्रतिभूति जमा @ 5% , आयकर @ 1% और आई जी एस टी @ 2 % की दर से कटौती करें।

(v) (इस कार्य के लिए) 1000 रू. प्रति मेट्रिक टन की दर से 250 मेट्रिक टन सीमेंट की लागत की कटौती करें।

(vi) पहले आर ए बिल में लेबर रिपोर्टें प्रस्तुत नहीं करने की वजह से 500 रू. रोक लिया गया था। अब यह निर्णय लिया गया है कि ठेकेदार को 300 रू. का भुगतान कर दिया जाए और शेष राशि सरकार के खाते में जमा कर दी दाए।

**प्रश्न 3**. निम्नलिखित ब्यौरे से ठेकेदार 'X' के ठेकेदार लेजर में, माह जुलाई 2018 के लिए प्रविष्टि करें और क्लोजिंग बैंलेन्स का ब्यौरा देते हुए बन्द करें। **15 अंक**

| | | |
|---|---|---|
| 1.7 | अथ शेष (ओपनिंग बैलेन्स) | रूपये |
| | कार्य 'पी' | |
| | 20 टन सीमेन्ट की लागत | 13,570 |
| | प्रतिभूति अग्रिम | 19,000 |
| | अग्रिम भुगतान | 16,500 |
| | वर्क 'क्यू' | |
| | ठेकेदार को देय, रोकी गई प्रतिभूति राशि | 3000 |

| | | |
|---|---|---|
| | तीन टन स्टील के लिए ठेकेदार से देय राशि | 22, 000 |
| | प्रतिभूति अग्रिम | 11,000 |
| 4.7 | कार्य 'आर' जो एक मुश्त संविदा आधार पर निष्पादित किया जा रहा है के प्रयोग हेतु स्टाक से जी आई शीटें दी गई। | 6000 |
| | उपरोक्त सामग्री के गाडी भाड़ा का भुगतान किया गया क्योंकि निर्माण स्थल पर उसकी आपूर्ति अनुबंधित थी | 300 |
| 8-7 | कार्य 'क्यू' की कमियों को सही करने के लिए लगाए गए मजदूरों को राशि भुगतान की गई | |
| | मजदूरी की सकल राशि | 5000 |
| | अप्रदत्त मजदूरी | 300 |
| | मजदूरों द्वारा प्रयोग की गई सामग्री की लागत | 1000 |
| 11-7 | ठेकेदार 'X' ने कार्य 'पी' के लिए दिए गए सीमेंट में से 2 टन अधिशेष मात्रा वापस कर दिया। अनुबंधित दर 600 रू. प्रति टन और 4 % भंडारण प्रभार है। बाजार दर 550 रू. प्रति टन है। वापस किया गया सीमेन्ट बाजार दर पर मूल्यांकित किया जाएगा। उसे स्टोर तक ले जाने के लिए गाडी भाड़ा, विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। | 300 |
| 14-7 | कार्य 'पी' हेतु ठेकेदार को दूसरे लेखागत बिल के लिए भुगतान किया गया | |
| | किए गए कार्य का अद्यतन मूल्य | 6,30,000 |
| | पिछली बिल तक के कार्य का मूल्य | 4,40,000 |
| | अग्रिम भुगतान, प्रतिभूति अग्रिम और अन्य वसूलियां पूरी तरह से समयायोजित की गईं। किए गए कार्य के मूल्य का 2.5% प्रतिभूति जमा वसूल किया गया | |
| 17-7 | कार्य 'आर' के लिए पहले लेखागत बिल का भुगतान (एकमुश्त संविदा ) | |
| | कार्य का मूल्य | 40,000 |
| | परिवर्धन और परिवर्तन | 10,000 |
| | प्रतिभूति अग्रिम | 6,000 |
| | वसूल की गई जी. आई. पाइपों की लागत | 2,000 |
| | रोकी गई प्रतिभूति | 5,000 |

**प्रश्न 4.** कार्य 'X' के वर्क्स एबस्ट्रेक्ट में 10 अप्रैल 2019 के निम्नलिखित वाउचर 5 की प्रविष्टि करें (ठेकेदार 'पी' के तीसरे चल लेखा बिल में)। वर्क एब्स्ट्रेक्ट का टेबल उत्तर पुस्तिका पर बनाय जा सकता है। **5 अंक**

| | रूपये |
|---|---|
| पिछले बिल के बाद किया गया कार्य | 8,300 |
| पिछले बिल के बाद का अग्रिम | 2,700 |
| पिछले बिल के बाद का प्रतिभूति अग्रिम | (-) 2,700 |
| उक्त कार्य के लिए दी गई सामग्री की वसूली | 850 |
| अन्य कार्य के लिए दी गई सामग्री की वसूली | 1,100 |
| निर्माण स्थल के क्लियरेन्स न होने के कारण रोकी गई राशि | 1,200 |

**प्रश्न 5.** संक्षेप में उत्तर दें : **20 अंक**

ई पी सी संविदा की मुख्य विशेताएं क्या हैं और वे अन्य मद दर अथवा प्रतिशत संविदाओं से अगल कैसे हैं।

(i) संविदा की सामान्य शर्तों में मोबिलाइजेशन अग्रिम के मुख्य प्रावधान क्या हैं ?

(ii) कोविड-19 के कारण ठेकेदारों को निष्पादन गारंटी और समय विस्तार पर सरकार द्वारा दी जाने वाली मुख्य रियायते क्या हैं ?

(iii) वर्क्स का रजिस्टर क्या है और उसे कैसे भरा जाता है ?

(iv) मानक माप बही पर संक्षेप में टिप्पणी लिखें ?

**प्रश्न 6.** निम्नलिखित बहुविकल्प प्रश्न में सही विकल्प चुनें। **10 अंक**

(i) केलोनिवि वर्क्स मैनुअल के अनुसार ई पी सी संविदा में इंजीनियरिंग का जोखिम निम्नलिखित का है :-

(क) परामर्शकार

(ख) ठेकेदार

(ग) स्ट्रक्चरल डिजाइनर

(घ) के. लो. नि. वि.

(ii) कैश बुक में प्रविष्टियों की जांच के प्रूफ के लिए, मंडलीय लेखाकार को

(क) माह के अंतिम प्रविष्टि के पश्चात उन्हें आद्यक्षर सहित तिथि अंकित कर देनी चाहिए।

(ख) प्रत्येक प्रविष्टि के पश्चात उन्हें आद्यक्षर सहित तिथि अंकित कर देनी चाहिए।

(ग) उन्हें प्रत्येक दिन की अंतिम प्रविष्टि के पश्चात आद्यक्षर सहित तिथि अंकित कर देनी चाहिए।

(घ) लेखा कार्यालय को प्रस्तुत किए गए मासिक लेखा में इसे प्रमाणित किया जाए।

(iii) ट्रांसफर प्रविष्टि हमेशा तैयार की जाती है :

(क) लेखा में किसी गलत वर्गीकरण को सही करने के लिए।

(ख) लेखा के सस्पेन्स हेड को क्लियर करने के लिए।

(ग) होने वाली सभी विनिर्दिष्ट देनदारियों के लिए।

(घ) वार्षिक अथवा आवधिक समायोजनों के लिए।

(iv) फार्म 33 के वर्क्स एब्स्ट्रेक्ट में यह दर्शाने के लिए कोई प्रावधान नहीं है कि :

(क) कार्य पूरा कर लिया गया है अथवा नहीं।

(ख) यदि सस्पेन्स बकाया तीन महीने से अधिक का है तो विलम्ब का कारण।

(ग) ठेकेदार के लेजर के अनुसार ठेकेदार का पूरा बकाया।

(घ) उस कार्य को करने वाले सभी ठेकेदारों का पूरा बकाया।

(v) विनियोजन का अर्थ है :-

(क) निजी प्रयोजनों के लिए दुरूपयोग।

(ख) किए गए अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा।

(ग) निधी का समनुदेशन।

(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।